ज़मींदार

Class of people in the countryside that lived off agriculture but did not participate directly in the processes of agricultural production

गाँवों में रहने वाले एक ऐसे तबके की बात न करें जिनकी कमाई तो खेती से आती थी लेकिन कृषि उत्पादन में सीधे हिस्सेदारी नहीं करते थे।

These were the zamindars who were landed proprietors who also enjoyed certain social and economic privileges by virtue of their superior status in rural society

ये ज़मींदार थे जो अपनी ज़मीन के मालिक होते थे और जिन्हें ग्रामीण समाज में ऊँची हैसियत की वजह से कुछ खास सामाजिक और आर्थिक सुविधाएँ मिली हुई थीं।

Caste was one factor that accounted for the elevated status of zamindars; another factor was that they performed certain services (khidmat) for the state.

ज़मींदारों की बढ़ी हुई हैसियत के पीछे एक कारण जाति था; दूसरा कारण यह था कि वे लोग राज्य को कुछ खास किस्म की सेवाएँ (ख़िदमत) देते थे।

Zamindars held extensive personal lands termed milkiyat, meaning property

ज़मींदारों की समृद्धि की वजह थी उनकी विस्तृत व्यक्तिगत ज़मीन।



Zamindars could sell, bequeath or mortgage these lands at will.

ज़मींदार अपनी मर्ज़ी के मुताबिक इन ज़मीनों को बेच सकते थे, किसी और के नाम कर सकते थे या उन्हें गिरवी रख सकते थे।

Collect revenue on behalf of the state, a service for which they were compensated financially

राज्य की ओर से कर वसूल कर सकते थे। इसके बदले उन्हें वित्तीय मुआवज़ा मिलता था।

Control over military resources

सैनिक संसाधन उनकी ताकत का एक और ज़रिया था।

Dispossession of weaker people by a powerful military chieftain was quite often a way of expanding a zamindari.

ज़मींदारी फैलाने का एक तरीक़ा था ताकतवर सैनिक सरदारों द्वारा कमज़ोर लोगों को बेदखल करना।

Colonisation of new lands, by transfer of rights, by order of the state and by purchase.

नयी ज़मीनों को बसाकर (जंगल–बारी), अधिकारों के हस्तांतरण के ज़रिये, राज्य के आदेश से, या फिर खरीद कर।

Consolidation of clan- or lineage-based zamindaris.

ज़मींदारियों को पुख्ता होने का मौका दिया।

Zamindars spearheaded the colonisation of agricultural land, and helped in settling cultivators by providing them with the means of cultivation

ज़मींदारों ने खेती लायक ज़मींनों को बसाने में अगुआई की और खेतिहरों को खेती के साजो–सामान व उधार देकर उन्हें वहाँ बसने में भी मदद की।

Zamindars often established markets (haats) to which peasants also came to sell their produce.

ज़मींदार अकसर बाज़ार (हाट) स्थापित करते थे जहाँ किसान भी अपनी फ़सलें बेचने आते थे।

Doubt that zamindars were an exploitative class

इसमें कोई शक नहीं कि ज़मींदार शोषण करने वाला तबका था

Two aspects : First, the bhakti saints, did not portray the zamindars as exploiters or oppressors of the peasantry.

दो पहलू : एक तो ये कि भक्ति संतों ने ज़मींदारों को किसानों के शोषक या उन पर अत्याचार करने वाले के रूप में नहीं दिखाया।

Second, large number of agrarian uprisings zamindars often received the support of the peasantry in their struggle against the state

दूसरे, भारी संख्या में कृषि विद्रोह हुए । राज्य के ख़िलाफ़ ज़मींदारों को अकसर किसानों का समर्थन मिला।

Land Revenue System

भू-राजस्व प्रणाली

Revenue from the land was the economic mainstay of the Mughal Empire.

ज़मीन से मिलने वाला राजस्व मुग़ल साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद थी।

To ensure control over agricultural production, and to fix and collect revenue from across the length and breadth of the rapidly expanding empire.

कृषि उत्पादन पर नियंत्रण रखने के लिए और राजस्व आकलन व वसूली के लिए यह ज़रूरी था कि राज्य एक प्रशासनिक तंत्र खड़ा करे।

Office (daftar) of the diwan who was responsible for supervising the fiscal system of the empire

दीवान, जिसके दफ़्तर पर पूरे राज्य की वित्तीय व्यवस्था के देख-रेख की ज़िम्मेदारी थी

Revenue officials and record keepers penetrated the agricultural domain and became a decisive agent in shaping agrarian relations.

हिसाब रखने वाले और राजस्व अधिकारी खेती की दुनिया में दाखिल हुए और कृषि संबंधों को शक्ल देने में एक निर्णायक ताकत के रूप में उभरे।

land revenue arrangements consisted of two stages – first, assessment and then actual collection.

भू-राजस्व के इंतज़ामात में दो चरण थे : पहला, कर निर्धारण और दूसरा, वास्तविक वसूली।

The jama was the amount assessed, as opposed to hasil, the amount collected.

जमा निर्धारित रक़म थी और हासिल सचमुच वसूली गई रक़म।

Amil-guzar or revenue collector, Akbar decreed that while he should strive to make cultivators pay in cash, the option of payment in kind was also to be kept open.

अमील–गुज़ार या राजस्व वसूली करने वाले के कामों की सूची में अकबर ने यह हुक्म दिया कि जहाँ उसे (अमील–गुज़ार को) कोशिश करनी चाहिए कि खेतिहर नक़द भुगतान करे, वहीं फ़सलों में भुगतान का विकल्प भी खुला रहे।

Both cultivated and cultivable lands were measured in each province

हर प्रांत में जुती हुई ज़मीन और जोतने लायक ज़मीन दोनों की नपाई की गई।

Aurangzeb expressly instructed his revenue officials to prepare annual records of the number of cultivators in each village

औरंगज़ेब ने अपने राजस्व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि हर गाँव में खेतिहरों की संख्या का सालाना हिसाब रखा जाए

❖ Classification of lands under Akbar

The following is a listing of criteria of classification excerpted from the Ain: The Emperor Akbar in his profound sagacity classified the lands and fixed a different revenue to be paid by each.

❖ अकबर के शासन में भूमि का वर्गीकरण

आइन में वर्गीकरण के मापदंड की निम्नलिखित सूची दी गई है: अकबर बादशाह ने अपनी गहरी दूरदर्शिता के साथ ज़मींनों का वर्गीकरण किया और हरेक (वर्ग की ज़मीन) के लिए अलग-अलग राजस्व निर्धारित किया।

Polaj is land which is annually cultivated for each crop in succession and is never allowed to lie fallow. Parauti is land left out of cultivation for a time that it may recover its strength. Chachar is land that has lain fallow for three or four years.

पोलज वह ज़मीन है जिसमें एक के बाद एक हर फ़सल की सालाना खेती होती है और जिसे कभी खाली नहीं छोड़ा जाता है। परौती वह ज़मीन है जिस पर कुछ दिनों के लिए खेती रोक दी जाती है ताकि वह अपनी खोयी ताकत वापस पा सके। चचर वह ज़मीन है जो तीन या चार वर्षों तक खाली रहती है।

Banjar is land uncultivated for five years and more. Of the first two kinds of land, there are three classes, good, middling, and bad. They add together the produce of each sort, and the third of this represents the medium produce, one-third part of which is exacted as the Royal dues.

बंजर वह ज़मीन है जिस पर पाँच या उससे ज़्यादा वर्षों से खेती नहीं की गई हो। पहले दो प्रकार की ज़मीन की तीन किस्में हैं, अच्छी, मध्यम और खराब। वे हर किस्म की ज़मीन के उत्पाद को जोड़ देते हैं, और इसका तीसरा हिस्सा मध्यम उत्पाद माना जाता है, जिसका एक-तिहाई हिस्सा शाही शुल्क माना जाता है।

Amin was an official responsible for ensuring that imperial regulations were carried out in the provinces.

अमीन एक मुलाज़िम था जिसकी ज़िम्मेवारी यह सुनिश्चित करना था कि प्रांतों में राजकीय नियम कानूनों का पालन हो रहा है।

❖The mansabdari system

The Mughal administrative system had at its apex a militarycum-bureaucratic apparatus (mansabdari) which was responsible for looking after the civil and military affairs of the state.

❖मनसबदारी व्यवस्था

मुग़ल प्रशासनिक व्यवस्था के शीर्ष पर एक सैनिक–नौकरशाही तंत्र (मनसबदारी) था जिस पर राज्य के सैनिक व नागरिक मामलों की ज़िम्मेदारी थी।

Some mansabdars were paid in cash (naqdi), while the majority of them were paid through assignments of revenue (jagirs) in different regions of the empire. They were transferred periodically

कुछ मनसबदारों को नक़दी भुगतान किया जाता था, जब कि उनमें से ज़्यादातर को साम्राज्य के अलग-अलग हिस्सों में राजस्व के आबंटन के ज़रिये भुगतान किया जाता था। समय-समय पर उनका तबादला किया जाता था।

❖Cash or kind?

The Ain on land revenue collection: Let him (the amil-guzar) not make it a practice of taking only in cash but also in kind. The latter is effected in several ways.

❖ नक़द या जीन्स ?

आइन से यह एक और अनुच्छेद है: अमील-गुज़ार सिर्फ़ नक़द लेने की आदत न डाले बल्कि फ़सल भी लेने के लिए तैयार रहे। यह बाद वाला तरीक़ा कई तरह से काम में लाया जा सकता है।

First, kankut : in the Hindi language kan signifies grain, and kut, estimates ... If any doubts arise, the crops should be cut and estimated in three lots, the good, the middling, and the inferior, and the hesitation removed. Often, too, the land taken by appraisement, gives a sufficiently accurate return.

पहला, कणकुत: हिंदी ज़ुबान में कण का मतलब है, अनाज, और कुत, अंदाज़ा ..... अगर कोई शक हो, तो फ़सल को तीन अलग-अलग पुलिंदों में काटना चाहिए– अच्छा, मध्यम और बदतर, और इस तरह शक दूर करना चाहिए। अकसर अंदाज़ से किया गया ज़मीन का आकलन भी पर्याप्त रूप से सही नतीजा देता है।

Secondly, batai, also called bhaoli, the crops are reaped and stacked and divided by agreement in the presence of the parties. But in this case several intelligent inspectors are required; otherwise, the evil-minded and false are given to deception.

दूसरा, बटाई जिसे भाओली भी कहते हैं (में), फ़सल काट कर जमा कर लेते हैं, और फ़िर सभी पक्षों की मौजूदगी में व रज़ामंदी में बँटवारा करते हैं। लेकिन इसमें कई समझदार निरीक्षकों की ज़रूरत पड़ती है; वर्ना दुष्ट-बुद्धि और मक्कार धोखेबाज़ी की नीयत रखते हैं।

Thirdly, khet-batai, when they divide the fields after they are sown. Fourthly, lang batai , after cutting the grain, they form it in heaps and divide it among themselves, and each takes his share home and turns it to profit.

तीसरे, खेत बटाई जब वे बीज बोने के बाद खेत बाँट लेते हैं। चौथे, लाँग बटाई; फ़सल काटने के बाद, वे उसका ढेर बना लेते हैं और फिर उसे अपने में बाँट लेते हैं, और हरेक (पक्ष) अपना हिस्सा घर ले जाता है और उससे मुनाफ़ा कमाता है।

❖The jama

This is an excerpt from Aurangzeb's order to his revenue official, 1665:

❖ जमा

1665 ई. में अपने राजस्व अधिकारी को औरंगज़ेब के द्वारा दिये गए हुक्म का एक अंश :

He should direct the amins of the parganas that they should discover the actual conditions of cultivation (maujudat), village by village, peasant-wise (asamiwar), and after minute scrutiny, assess the jama, keeping in view the financial interests (kifayat) of the government, and the welfare of the peasantry

वे परगनाओं के अमीनों को निर्देश दें कि वे हर गाँव, हर किसान (आसामीवार) के बावत खेती के मौजूदा हालात (मौजूदात) पता करें, और बारीकी से उनकी जाँच करने के बाद सरकार के वित्तीय हितों (किफ़ायत) व किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए जमा निर्धारित करें।

The Flow of Silver

चाँदी का बहाव



अकबर द्वारा जारी किए गए चाँदी के रुपये की दोनों तरफ़ें

Mughal Empire was among the large territorial empires in Asia

मुग़ल साम्राज्य एशिया के उन बड़े साम्राज्यों में एक था

Empires helped create vibrant networks of overland trade from China to the Mediterranean Sea.

साम्राज्यों की राजनीतिक स्थिरता ने चीन से लेकर भूमध्य सागर तक ज़मीनी व्यापार का जीवंत जाल बिछाने में मदद की।

Massive expansion of Asia's (particularly India's) trade with Europe.

यूरोप के साथ एशिया के व्यापार में भारी विस्तार हुआ।

This resulted in a greater geographical diversity of India's overseas trade as well as an expansion in the commodity composition of this trade.

इस वजह से भारत के समुद्र-पार व्यापार में एक ओर भौगोलिक विविधता आई तो दूसरी ओर कई नयी वस्तुओं का व्यापार भी शुरू हो गया।

यूरोपीय बाज़ारों की माँगों को पूरा करने के लिए भारतीय उपमहाद्वीप के वस्त्र उत्पादन का एक उदाहरण

औरंगज़ेब द्वारा जारी किया गया चाँदी का रुपया

Expanding trade brought in huge amounts of silver bullion into Asia to pay for goods procured from India,

लगातार बढ़ते साथ, भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं का भुगतान करने के लिए एशिया में भारी मात्रा में चाँदी आई।

Good for India as it did not have natural resources of silver.

यह भारत के लिए अच्छा था क्योंकि यहाँ चाँदी के प्राकृतिक संसाधन नहीं थे।

Stability in the availability of metal currency, particularly the silver rupya in India. This facilitated an unprecedented expansion of minting of coins and the circulation of money in the economy as well as the ability of the Mughal state to extract taxes and revenue in cash.

भारत में धातु मुद्रा–खास कर चाँदी के रुपयों–की उपलब्धि में अच्छी स्थिरता बनी रही। इसके साथ ही एक तरफ़ तो अर्थव्यवस्था में मुद्रा संचार और सिक्कों की ढलाई में अभूतपूर्व विस्तार हुआ, दूसरी तरफ़ मुग़ल राज्य को नकदी कर उगाहने में आसानी हुई।

❖ How silver came to India

This excerpt from Giovanni Careri's account (based on Bernier's account) gives an idea of the enormous amount of wealth that found its way into the Mughal Empire:

❖ भारत में चाँदी कैसे आई?

जोवान्नी कारेरी के लेख (बर्नियर के लेख पर आधारित) के निम्नलिखित अंश से हमें पता चलता है कि मुग़ल साम्राज्य में कितनी भारी मात्रा में बाहर से धन आ रहा था:

That the Reader may form some idea of the Wealth of this (Mughal) Empire, he is to observe that all the Gold and Silver, which circulates throughout the World at last Centres here. It is well known that as much of it comes out of America, after running through several Kingdoms of Europe, goes partly into Turky (Turkey), for several sorts of Commodities; and part into Persia, by the way of Smirna for Silk.

(मुग़ल) साम्राज्य की धन-संपत्ति का अंदाज़ा लगाने के लिए पाठक इस बात पर गौर करें कि दुनिया भर में बिचरने वाला सारा सोना-चाँदी आखिरकार यहीं पहुँच जाता है। ये सब जानते हैं कि इसका बहुत बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है, और यूरोप के कई राज्यों से होते हुए, (इसका) थोड़ा-सा हिस्सा कई तरह की वस्तुओं के लिए तुर्की में जाता है; और थोड़ा-सा हिस्सा रेशम के लिए स्मिरना होते हुए फ़ारस पहुँचता है।

Besides the Indian, Dutch, English, and Portuguese Ships, that every Year carry the Commodities of Indostan, to Pegu, Tanasserri (parts of Myanmar), Siam (Thailand), Ceylon (Sri Lanka) ... the Maldive Islands, Mozambique and other Places, must of necessity convey much Gold and Silver thither, from those Countries.

भारतीय जहाज़ों के अलावा जो डच, अंग्रेज़ी और पुर्तगाली जहाज़ हर साल इंदोस्तान की वस्तुएँ लेकर पेगू, तानस्सेरी (म्यांमार के हिस्से), स्याम (थाइलैंड), सीलोन (श्रीलंका)... मालदीव के टापू, मोज़ाम्बीक़ और अन्य जगहें ले जाते हैं, (इन्हीं जहाज़ों को) निश्चित तौर पर बहुत सारा सोना-चाँदी इन देशों से लेकर वहाँ (हिंदुस्तान) पहुँचाना पड़ता है।

All that the Dutch fetch from the Mines in Japan, sooner or later, goes to Indostan; and the goods carry'd hence into Europe, whether to France, England, or Portugal, are all purchas'd for ready Mony, which remains there.

वो सब कुछ, जो डच लोग जापान की खानों से हासिल करते हैं, देर-सवेर इंदोस्तान (को) चला जाता है; और यहाँ से यूरोप को जाने वाली सारी वस्तुएँ, चाहे वो फ्रांस जाएँ या इंग्लैंड या पुर्तगाल, सभी नकद में खरीदी जाती हैं, जो (नकद) वहीं (हिंदुस्तान में) रह जाता है।

Ain-i Akbari was the culmination of a large historical, administrative project of classification undertaken by Abul Fazl at the order of Emperor Akbar.

आइन-ए-अकबरी आँकड़ों के वर्गीकरण के एक बहुत बड़े ऐतिहासिक और प्रशासनिक परियोजना का नतीजा थी जिसका ज़िम्मा बादशाह अकबर के हुक्म पर अबुल फ़ज़्ल ने उठाया था।



Ain was part of a larger project of history writing commissioned by Akbar. This history, known as the Akbar Nama, comprised three books.

आइन इतिहास लिखने के एक ऐसे बृहत्तर परियोजना का हिस्सा थी जिसकी पहल अकबर ने की थी। इस परियोजना का परिणाम था अकबरनामा जिसे तीन जिल्दों में रचा गया।

अबुल फ़ज़्ल अपने आश्रयदाता को अकबरनामा की पांडुलिपि पेश कर रहे हैं

First two provided a historical narrative

पहली दो जिल्दों ने ऐतिहासिक दास्तान पेश की।

Ain-i Akbari, the third book, was organised as a compendium of imperial regulations and a gazetteer of the empire.

तीसरी जिल्द, आइन-ए-अकबरी, को शाही नियम कानून के सारांश और साम्राज्य के एक राजपत्र की सूरत में संकलित किया गया था।

Ain gives detailed accounts of the organisation of the court, administration and army, the sources of revenue and the physical layout of the provinces of Akbar's empire and the literary, cultural and religious traditions of the people.

आइन कई मसलों पर विस्तार से चर्चा करती है : दरबार, प्रशासन और सेना का संगठन; राजस्व के स्रोत और अकबरी साम्राज्य के प्रांतों का भूगोल; और लोगों के साहित्यिक, सांस्कृतिक व धार्मिक रिवाज।

informed the emperor about the varied and diverse customs and practices prevailing across his extensive territories.

बादशाह को साम्राज्य के तमाम इलाकों में प्रचलित रिवाजों और पेशों की जानकारी दी।



Ain is made up of five books (daftars)

आइन पाँच भागों (दफ्तर) का संकलन है

First three books describe the administration.

पहले तीन भाग प्रशासन का विवरण देते हैं।

First book, called manzil-abadi, concerns the imperial household and its maintenance.

मंज़िल-आबादी के नाम से पहली किताब शाही घर-परिवार और उसके रख-रखाव से ताल्लुक रखती है।

Second book, sipah-abadi, covers the military and civil administration and the establishment of servants.

दूसरा भाग, सिपह–आबादी सैनिक व नागरिक प्रशासन और नौकरों की व्यवस्था के बारे में है।

This section has detailed statistical information, which includes the geographic, topographic and economic profile of all subas and their administrative and fiscal divisions (sarkars, parganas and mahals), total measured area, and assessed revenue (jama).

इस खंड में सांख्यिकी सूचनाएँ तफ़सील से दी गई हैं, जिसमें सूबों और उनकी तमाम प्रशासनिक व वित्तीय इकाइयों (सरकार, परगना और महल) के भौगोलिक, स्थलाकृतिक और आर्थिक रेखाचित्र भी शामिल हैं। इसी खंड में हर प्रांत और उसकी अलग-अलग इकाइयों की कुल मापी गई ज़मीन और निर्धारित राजस्व (जमा) भी दी गई हैं।

After setting out details at the suba level, the Ain goes on to give a detailed picture of the sarkars below the suba.

सूबा स्तर की विस्तृत जानकारी देने के बाद, आइन हमें सूबों के नीचे की इकाई सरकारों के बारे में विस्तार से बताती है।

This it does in the form of tables, which have eight columns giving the following information: (1) parganat/mahal; (2) qila (forts);

ये सूचनाएँ तालिकाबद्ध तरीके से दी गई हैं, जहाँ हर तालिका में आठ ख़ाने हैं जो हमें निम्नलिखित सूचनाएँ देते हैं : (1) परगनात/महल; (2) क़िला;

(3) arazi and zamin-i paimuda (measured area);

(4) naqdi, revenue assessed in cash;

(5) suyurghal, grants of revenue in charity;

(3)अराज़ी और जमीन–ए–पाईमूद (मापे गए इलाके);

(4)नकदी (नक़द निर्धारित राजस्व);

(5)सुयूरग़ल (दान में दिया गया राजस्व अनुदान);

(6) zamindars; columns 7 and 8 contain details of the castes of these zamindars, and their troops including their horsemen (sawar), foot-soldiers (piyada) and elephants (fil).

(6) ज़मींदार; ख़ाने 7 और 8 में ज़मींदारों की जातियाँ और उनके घुड़सवार, पैदल सिपाही (प्यादा) व हाथी (फ़ील) सहित उनके फ़ौज की जानकारी दी गई है।

The mulk-abadi gives a fascinating, detailed and highly complex view of agrarian society in northern India.

मुल्क–आबादी उत्तर भारत के कृषि समाज का विस्तृत, आकर्षक व पेचीदा चित्र पेश करती है।

The fourth and fifth books (daftars) deal with the religious, literary and cultural traditions of the people of India and also contain a collection of Akbar's "auspicious sayings".

चौथी और पाँचवीं किताबें (दफ्तर) भारत के लोगों के मज़हबी, साहित्यिक और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों से ताल्लुक रखती हैं; इनके आखिर में अकबर के "शुभ वचनों" का एक संग्रह भी है।

❖ "Moistening the rose garden of fortune"

In this extract Abu'l Fazl gives a vivid account of how and from whom he collected his information: ... to Abul Fazl, son of Mubarak ... this sublime mandate was given. "Write with the pen of sincerity the account of the glorious events and of our dominion-conquering victories ...

❖ "खुशकिस्मती के गुलाब बाग की सिंचाई"

नीचे दिये गए अंश में अबुल फ़ज़्ल ने बड़े साफ़ तौर पर ये खुलासा किया है कि उसने कैसे और किनसे अपनी सूचनाएँ हासिल कीं: ...अबुल फ़ज़्ल, वल्द मुबारक... को यह शानदार हुक्म दिया गया, "शानदार घटनाओं और राज्य-क्षेत्र अधीन करने वाली हमारी फ़तहों की दास्तान ईमानदारी के कलम से लिखो..."।

Assuredly, I spent much labour and research in collecting the records and narratives of His Majesty's actions and I was a long time interrogating the servants of the State and the old members of the illustrious family

तसल्ली से, मैंने काफ़ी खोजबीन और मिहनत करके महामहिम की गतिविधियों के सबूत और दस्तावेज़ इकट्ठे किए और बहुत समय तक राज्य के मुलाज़िमों व शाही परिवार के सदस्यों के साथ जवाब तलब किया।

I examined both prudent, truth-speaking old men and active-minded, right actioned young ones and reduced their statements to writing. The Royal commands were issued to the provinces, that those who from old service remembered, with certainty or with adminicle of doubt, the events of the past, should copy out the notes and memoranda and transit them to the court.

मैंने सच बोलने वाले समझदार बुज़ुर्गों और फ़ुर्तीले दिमाग वाले, सत्यकर्मी जवानों दोनों (की बातों) को परखा, और उनके बयानों को लिखित रूप से दर्ज किया। सूबों को शाही हुक्म जारी किया गया कि पुराने मुलाज़िमों में जिस किसी को बीते वक्त की घटनाएँ याद हों, पूरे विश्वास के साथ या मामूली शक के साथ (भी), वे अपने संस्मरण को लिखें और उसे दरबार भेज दें,

(Then) a second command shone forth from the holy Presence-chamber; to wit – that the materials which had been collected should be ... recited in the royal hearing, and whatever might have to be written down afterwards, should be introduced into the noble volume as a supplement, and that such details as on account of the minuteness of the inquiries and the minutae of affairs, (which) could not then be brought to an end, should be inserted afterwards at my leisure.

(फिर) उस पाक–मौजूदगी के कक्ष से एक और हुक्म रौशन हुआ; वो ये, कि जो सामग्री जमा की जाए... उसे शाही मौजूदगी में पढ़कर सुनाया जाए, और बाद में जो कुछ भी लिखा जाना हो, उसे उस महान किताब में परिशिष्ट की शक्ल में जोड़ दिया जाए, और ये कि ऐसे ब्योरे जो जाँच–पड़ताल की बारीकियों की वजह से, या मामले की बारीकियों की वजह से, उसी समय अंजाम तक नहीं लाए जा सके, उन्हें मैं बाद में दर्ज करूँ ।

Being relieved by this royal order – the interpreter of the Divine ordinance – from the secret anxiety of my heart, I proceeded to reduce into writing the rough draughts (drafts)which were void of the grace of arrangement and style.

ईश्वरी अध्यादेश का ख़ुलासा करने वाले इस शाही हुक्म (की वजह) से अपनी गुप्त फ़िक्र से राहत पाकर, मैंने ऐसे कच्चे प्रारूप लिखने की शुरुआत की, जिसमें शैली या विन्यास की ख़ूबसूरती नहीं थी।

I obtained the chronicle of events beginning at the Nineteenth Year of the Divine Era, when the Record Office was established by the enlightened intellect of His Majesty, and from its rich pages, I gathered the accounts of many events. Great pains too, were taken to procure the originals or copies of most of the orders which had been issued to the provinces from the Accession up to the present-day ...

मैंने इलाही संवत के उन्नीसवें साल से – जब महामहिम की दानिशमंद अक्ल से दस्तावेज़ दफ़्तर स्थापित किया गया था – घटनाओं का इतिहासवृत्त हासिल किया, और उसके भरे-पूरे पन्नों से मैंने कई मामलों का ब्योरा पाया। काफ़ी तकलीफ़ें उठाकर उन सभी हुक्मों की मूल प्रति या नकल हासिल की गई जो राज्याभिषेक से लेकर आज तक सूबों को जारी किए गए थे।

I also took much trouble to incorporate many of the reports which ministers and high officials had submitted, about the affairs of the empire and the events of foreign countries. And my labour-loving soul was satiated by the apparatus of inquiry and research.

काफ़ी दिक्कतों का सामना करते हुए, मैंने उनमें से कई रिपोर्टों को भी शामिल किया जो साम्राज्य के विभिन्न मामलों या दूसरे देशों में घटी घटनाओं के बारे में थीं और जिन्हें ऊँचे अफ़सरों और मंत्रियों ने भेजा था। और जवाबतलब व खोजबीन के तंत्र से मेरी मिहनतपसंद रूह संतृप्त हो गई।

I also exerted myself energetically to collect the rough notes and memoranda of sagacious and well-informed men. By these means, I constructed a reservoir for irrigating and moistening the rose garden of fortune (the Akbar Nama).

बड़ी कर्मठता के साथ मैंने वे कच्चे मसौदे व ज्ञापनपत्र भी हासिल किए जो जानकार और दूरदर्शी लोगों ने लिखे थे। इन तरीकों से खुशकिस्मती के इस गुलाब बाग (अकबरनामा) को सींचने और नमी देने के लिए मैंने हौज़ बनाया।

Ain was officially sponsored to record detailed information to facilitate Emperor Akbar govern his empire

बादशाह अकबर के शासन की सहूलियत के लिए आइन को आधिकारिक तौर पर विस्तृत सूचनाएँ जमा करने के लिए प्रायोजित किया गया था

Numerous errors in totalling have been detected. These are ascribed to simple slips of arithmetic or of transcription by Abu'l Fazl's assistants.

जोड़ करने में कई ग़लतियाँ पाई गई हैं। ऐसा माना जाता है कि या तो ये अंकगणित की छोटी-मोटी चूक है या फिर नकल उतारने के दौरान अबुल फ़ज़्ल के सहयोगियों की भूल।

Another limitation of the Ain is the somewhat skewed nature of the quantitative data. Data were not collected uniformly from all provinces.

आइन की एक और सीमा यह है कि इसके संख्यात्मक आँकड़ों में विषमताएँ हैं। सभी सूबों से आँकड़े एक ही शक्ल में नहीं एकत्रित किए गए।

❖ "Translating the Ain

Given the importance of the Ain, it has been translated for use by a number of scholars. Henry Blochmann edited it and the Asiatic Society of Bengal, Calcutta (present-day Kolkata), published it in its Bibliotheca Indica series.

❖ आइन का अनुवाद

आइन की अहमियत की वजह से, कई विद्वानों ने इसका अनुवाद किया। हेनरी ब्लॉकमेन ने इसे संपादित किया और कलकत्ता (आज का कोलकाता) के एशियाटिक सोसाइटी ने अपनी बिब्लियोथिका शृंखला में इसे छापा।

The book has also been translated into English in three volumes. The standard translation of Volume 1 is that of Henry Blochmann (Calcutta 1873). The other two volumes were translated by H.S. Jarrett (Calcutta 1891 and 1894).

इस किताब का तीन खंडों में अंग्रेज़ी अनुवाद भी किया गया। पहले खंड का मानक अंग्रेज़ी अनुवाद ब्लॉकमेन का है (कलकत्ता, 1873), बाकी के दो खंडों के अनुवाद एच. एस. जैरेट ने किए (कलकत्ता, 1891 और 1894)।

THANKS
FOR
WATCHING